# Happy New Year 2023

GOLD : 54972
SILVER : 69370
CRUD OIL : 6538

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

31/12/2022



20 साल से जिनिंग फैक्ट्री चला रहा हूं लेकिन ऐसा दौर आज तक नहीं देखा। पिछले साल भी मुसीबतें कम नहीं थी, लेकिन फैक्ट्री बंद करने जैसे हालात नहीं थे। जबकि इस बार तो मंडियों में आवक ही नहीं है। माल ही नहीं है तो जिनिंग यूनिट चलाए कैसे ?

# माल ही नहीं है, जिनिंग यूनिट चलाए कैसे ?

*गुरू मणिकांता*
*एमडी, श्री मणिकांता कॉटन जिनिंग इंडस्ट्रीज*

**इंडस्ट्री के मौजूदा हालात बताती यह बात कही कर्नाटक की यादगिरी डिस्ट्रिक्ट के शाहपुरा स्टेशन के जाने-माने जिनर गुरू मणिकांता ने। प्रस्तुत है एसआईएस से उनकी खास बातचीत के कुछ अंश-**

## 1 महीने से बंद है फैक्ट्री

उन्होंने बताया कि शाहपुरा कर्नाटक के प्रमुख कॉटन स्टेशन में से एक है। यहां लगभग 30 जिनिंग यूनिट मौजूद है लेकिन वर्तमान परिस्थिती में लगभग सभी बंद है। जो फैक्ट्री चल रही है वह भी अपनी क्षमता से बहुत कम माल बना पा रही है। आम दिनों में हमारी जिनिंग फैक्ट्री में ही रोजाना 2 हजार क्विंटल कपास की खपत होती है जबकि इनदिनों महज 20 से 40 क्विंटल कपास ही रोज मिल पा रहा है। नतीजा, फैक्ट्री पिछले 1 महीने से बंद है।

## डिस्पेरिटी पर काम करने को मजबूर

कॉटन के दाम जिस तेजी से घट-बढ़ रहे है उससे व्यापारियों का पूरा गणित ही बिगड़ गया है। जिनर डिस्पेरिटी पर काम करने को मजबूर है। मल्टीनेशनल कंपनी एमसीएक्स को सट्टाबाजार की तरह इस्तेमाल कर रही है और इसका सीधा असर फिजीकल कॉटन मार्केट पर पड़ रहा है। एक दिन में ही कपास के भाव 2 हजार रूपए तक घट रहे है। हम माल खरीद महंगे दामों में रहे है और जब तक उसकी प्रेसिंग करके उसे बेचने लायक बनाते है तब तक उसकी कीमत ही घट जाती है। ऐसे में जिनर्स कब तक नुकसान उठा सकेगा ?

## एमसीएक्स पर प्रतिबंध अच्छी खबर

गुरू मणिकांताजी ने बताया कि किसान एक्सचेंज मार्केट को पूरी तरह समझते नहीं है लेकिन अपने माल की कीमत उसे देखकर ही तय कर रहे है। इतना ही नहीं कीमत कम हो तो वे मंडी में माल लेकर ही नहीं आ रहे है। स्थिति बहुत विकट है। ना केवल जिनर के लिए बल्कि स्पिनर, ब्रोकर, ट्रेडर, एक्सपोर्टर और यहां तक की फॉर्मर के लिए भी। एमसीएक्स पर जनवरी के प्रतिबंध पर बैन लगाना एक अच्छी खबर है। लेकिन इसका व्यापार पर कितना असर होगा, यह तो वक्त ही बताएगा।




# भारत सरकार ने आस्टेलिया से ईएलएस कपास के शुल्क मुक्त आयात की दी अनुमति

भारत सरकार ने आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के तहत ऑस्ट्रेलिया से 51,419 मीट्रिक टन एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल (ईएलएस) कपास (न्यूनतम 28 मिमी) के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया को अतिरिक्त लंबे स्टेपल कपास (न्यूनतम 28 मिमी) के लिए भारत की शुल्क मुक्त बाजार पहुंच प्राप्त है।

ऑस्ट्रेलिया सरकार अपने निर्यातकों या उत्पादकों को प्रत्येक वस्तु के लिए निर्धारित कोटा तक TRQ प्रमाणपत्र देकर टैरिफ दर कोटा (TRQs) आवंटित कर सकती है।

भारत सरकार द्वारा अनुमत 51,419 मीट्रिक टन कोटा में से 419 मीट्रिक टन ईएलएस कपास (एचएस कोड 52010020) शून्य आयात शुल्क पर कैलेंडर वर्ष 2022 के लिए है। शेष 51,000 मीट्रिक टन अगले वर्ष यानी कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए कोटा होगा।

कपास की आवक के मौसम में सीमित आपूर्ति और उच्च कीमतों के बीच कपास के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देने पर भारतीय व्यापारियों की मिश्रित प्रतिक्रिया है। कुछ व्यापारियों को घरेलू बाजार में कपास की कीमतों में कमी की उम्मीद थी, लेकिन अन्य लोगों ने तर्क दिया कि सीमित कोटा और ऑस्ट्रेलियाई बाजार में कीमतों के बराबर होने के कारण कपास की कीमतों में गिरावट की बहुत कम गुंजाइश है।

# NEWSLETTER

BSE 60840

DOWJONES 33,163.5

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

31/12/2022






## जानिए इस सप्ताह की कॉटन मार्केट की हलचल

**SMART INFO SERVICES**

**CALL : 91119 77771 - 5**

**WEEKLY AND MONTHLY CHART 31.12.2022**

| ICE COTTON | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONTH | 02.12.22 | 09.12.22 | 16.12.22 | 23.12.22 | 30.12.22 | WEEKLY CHANGE | MONTHL CHANGE |
| MARCH | 83.20 | 80.95 | 81.92 | 85.21 | 83.37 | -1.84 | 0.17 |
| MAY | 82.56 | 80.9 | 82.08 | 85.18 | 83.45 | -1.73 | 0.89 |
| JULY | 81.99 | 80.66 | 82.03 | 84.91 | 83.38 | -1.53 | 1.39 |
| MCX (BALES) | | | | | | | |
| DEC | 31900 | 31460 | 30590 | 29090 | 28800 | -290 | -3100.00 |
| NCDEX (KAPAS) | | | | | | | |
| APRIL | 1680 | 1628 | 1600 | 1599 | 1647 | 48 | -33.00 |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | | | | | |
| JAN | 2631 | 2658 | 2705 | 2883 | 2977 | 94 | 346.00 |
| FEB | 2644 | 2636 | 2663 | 2800 | 2914 | 114 | 270.00 |
| CURRENCY ($) | | | | | | | |
| INDIAN (Rupee) | 81.32 | 82.28 | 82.87 | 82.86 | 82.72 | -0.14 | 1.40 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 224.324 | 224.75 | 225.024 | 225.489 | 226.59 | 1.101 | 2.27 |
| CNY (Chinese yuan) | 7.02469 | 6.95769 | 6.97311 | 6.98898 | 6.8982 | -0.09078 | -0.13 |
| BRAZIL (Real) | 5.21939 | 5.23999 | 5.31438 | 5.16569 | 5.2862 | 0.12051 | 0.07 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.4715 | 1.47103 | 1.48921 | 1.48909 | 1.4676 | -0.02149 | 0.00 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.38699 | 4.40299 | 4.42399 | 4.42499 | 4.4005 | -0.02449 | 0.01 |
| COTLOOK "A" INDEX | 103.1 | 98.99 | 98.5 | 101.55 | 99.25 | -2.3 | -3.85 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 101.96 | 101.49 | 100 | 102.64 | 100.44 | -2.2 | -1.52 |
| USDA SPOT RATE | 82.2 | 79.95 | 81.13 | 84.28 | 82.33 | -1.95 | 0.13 |
| MCX SPOT RATE | 32890 | 31940 | 31350 | 29750 | 29040 | -710 | -3850.00 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 16500 | 16500 | 16500 | 16700 | 16700 | 0 | 200.00 |

दिसंबर माह के आखरी सप्ताह में कॉटन की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। नेशनल और इंटरनेशनल दोनों ही एक्सचेंज मार्केट में कॉटन दाम इस सप्ताह घटे है। जबकि महीने की रिपोर्ट देखी जाए तो कीमतों में हल्की बढ़ोतरी हुई है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज पर इस सप्ताह मार्च, मई और जुलाई माह के सौदा भाव क्रमशः 1.84,1.73 और 1.53 तक कम हुए है। जबकि एमसीएक्स पर कॉटन की कीमत इस सप्ताह 290 रुपए कम हुई है।

एनसीडीएक्स पर कपास के भाव इस सप्ताह बढ़े है। जबकि माहअंत की रिपोर्ट के आधार पर कीमत में 33 रुपए की कमी दर्ज की गई है। खल के भाव में साप्ताहिक और मासिक दोनों ही कीमतों में बढ़त हुई है। सप्ताहअंत में यह बढ़त जनवरी और फरवरी माह के लिए 94 और 114 रुपए की जबकि माहअंत में यह बढ़त क्रमशः 346 और 270 रुपए की हुई है।

अन्य एक्सचेंज मार्केट जैसे कॉटलुक ए इंडेक्स, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, यूएसडीए स्पॉट रेट व एमसीएक्स स्पॉट रेट पर इस सप्ताह कॉटन कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। जबकि पाकिस्तान के एक्सचेंज मार्केट केसीए स्पॉट रेट पर इस सप्ताह कॉटन कीमतों में स्थिरता देखने को मिली।

## टेक्सटाइल निवेशकों के लिए खुशियों भरा रहा यह सप्ताह

### 26 से 31 दिसंबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर वेल्यू पर एक नजर-

पिछले सप्ताह की भारी गिरावट के विपरीत इस सप्ताह टेक्सटाइल सेक्टर में खासी बूम रही। लगभग सभी प्रमुख कंपनीज के शेयर्स ने इस सप्ताह लंबी छलांग लगाकर अच्छी पोजिशन हासिल की है। एक्सपर्ट की माने तो यह सप्ताह निवेशकों के लिए अच्छे रिटर्न लेकर आया है। आइए देखते है बीएससी के मंच पर कैसी रही इन कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 330.4 | 333.15 | 292 | 12.42% |
| अरविंद लिमिटेड | 89.75 | 91.25 | 83.05 | 8.07% |
| वेलसपन इंडिया | 77.1 | 78.1 | 68.5 | 11.82% |
| नितिन स्पिनर्स | 203.55 | 208.9 | 184.2 | 10.15% |
| रेमण्ड | 1470.75 | 1503.5 | 1306.6 | 10.58% |
| अंक्षिता कॉटन | 49.8 | 51.85 | 42 | 18.57% |

# NEWSLETTER

NORTH :
CENTRAL :
SOUTH :
*(WEATHER REPORT)*

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

31/12/2022


| COTTON ARRIVAL MONTH WISE<br>SMART INFO SERVICES<br>CALL : 91119 77771 - 5<br>Email : india.smartinfo@gmail.com | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **STATE** | **2022-2023** | | | | |
| | **SEPTEMBER** | **OCTOBER** | **NOVEMBER** | **DECEMBER** | **TOTAL** |
| Punjab | 11,363 | 21,884 | 36,277 | 34,900 | 104,424 |
| Haryana | 109,096 | 131,931 | 145,783 | 131,500 | 518,310 |
| Upper Rajasthan | 50,410 | 267,138 | 314,082 | 228,500 | 860,130 |
| Lower Rajasthan | 41,460 | 238,787 | 216,483 | 105,100 | 601,830 |
| **Total North Zone** | **212,329** | **659,740** | **712,625** | **500,000** | **2,084,694** |
| Gujarat | 44,250 | 290,000 | 966,000 | 1,001,000 | 2,301,250 |
| Maharashtra | 12,600 | 86,400 | 353,000 | 485,000 | 937,000 |
| Madhya Pradesh | 25,800 | 70,000 | 244,000 | 213,000 | 552,800 |
| **Total Central Zone** | **82,650** | **446,400** | **1,563,000** | **1,699,000** | **3,791,050** |
| Telangana | 2,100 | 38,400 | 202,000 | 248,000 | 490,500 |
| Andhra Pradesh | 48,600 | 78,300 | 150,500 | 188,000 | 465,400 |
| Karnataka | 42,400 | 82,500 | 259,000 | 208,500 | 592,400 |
| Tamil Nadu | 40,200 | 30,500 | 29,200 | 20,800 | 120,700 |
| **Total South Zone** | **133,300** | **229,700** | **640,700** | **665,300** | **1,669,000** |
| Orissa | - | - | 13,000 | 42,500 | 55,500 |
| Others | - | - | 5,000 | 10,000 | 15,000 |
| **TOTAL ARRIVAL** | **428,279** | **1,335,840** | **2,934,325** | **2,916,800** | **7,615,244** |
| NOTE : ARRIVAL FIGURES ARE TENTATIVE MAY BE POSIBLE 5/10 % PLUS MINUS | | | | | |

# पिछले चार महीनों में कपास आवक की स्थिति

कपास की धीमी आवक ने व्यापारियों के लिए खासी मुसीबत खड़ी कर दी है। ज्यादा दाम की चाहत में किसान कपास बेचने की जगह उसे स्टॉक करके रख रहे है। और इसका खामियाजा जिनर्स को भुगतना पड़ रहा है। सामान्यतः देश में सितंबर से अक्टूबर माह के बीच नया कपास मंडियों में आना शुरू हो जाता है। और नवंबर व दिसंबर में आवक अपने चरम पर होती है। लेकिन इस बार परिदृश्य उल्टा है। मुहुर्त सौदे तो समय पर हुए है लेकिन मंडियों में कपास की आवक अब भी बहुत धीमी है। आइए जानते है पिछले चार महीनों में कपास की आवक की स्थिति पर एसआईएस की ये खास रिपोर्ट पर -


RAYANCE
TECHNO GREENS INDUSTRIES

**Address:** C2, 100, Manu Prabha, N-4 CIDCO, Sector F-1,
Gurusahani Nagar, Aurangabad (M.H)-431003

info@rtgi.in www.rtgi.in 7201026177 / 7387917555

MAKE IN INDIA

# NEWSLETTER

GOLD : 1,830.10
SILVER : 24.175
CRUD OIL : 80.44
*(IN DOLLARS)*

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

31/12/2022

## TOP 5 NEWS OF THE WEEK

### एक दशक में वैश्विक कपास की दूसरी सबसे कम खपत

यूएसडीए की एक रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक कपास की खपत अब एक दशक में दूसरी सबसे कम है और समग्र वैश्विक व्यापार भी लगभग एक मिलियन गांठ कम हो गया है।

### CCI ने अब तक 15 केंद्रों से खरीदी 25 हजार गांठें

सीसीआई ने बाजार से कपास खरीदने का फैसला लिया गया है अब तक 15 खरीद केंद्रों से 25,000 गांठें (1 गांठ में 170 किलो कॉम्बेड जिन प्रेस्ड कॉटन) की खरीद की है।

### जनवरी में नहीं होंगे एमसीएक्स पर कॉटन के सौदे

एमसीएक्स पर जनवरी और उसके बाद के लिए हैजिंग का कोई ऑप्शन ही नहीं दिख रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि एमसीएक्स के ना होने पर भारतीय कपास बाजार के भाव बहुत हद तक NYCE ( New York Cotton Exchange )  पर निर्भर करेंगे।

### कपास की कमी से सूती धागे की निर्यात में भारी गिरावट

भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कपास की कमी ने भारतीय मिलों को बड़े पैमाने पर प्रभावित किया है, क्योंकि देश ने अक्टूबर 22 में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर सूती धागे के निर्यात में 71 प्रतिशत की गिरावट देखी है।

### कपड़ा माल के परिवहन के लिए ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बों की मांग

दक्षिणी गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (SGCCI) ने सोमवार को रेलवे से आग्रह किया कि वह सूरत से देश के अन्य गंतव्यों के लिए कपड़ा सामानों की लागत प्रभावी परिवहन सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े।

## एक नजर दिसंबर माह के कॉटन फिजिकल मार्केट प

दिसंबर माह में कॉटन कीमतों में भारी अंतर देखने को मिला। माह के अंत में सभी राज्यों में कपास की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। नार्थ झोन में जहां कॉटन के दाम 550 से लेकर 655 रूपए प्रति मंड तक घटे। वहीं सेंटल झोन में महाराष्ट्र में 8500 रूपए की गिरावट देखने को मिली। साउथ झोन में भी 6500 रूपए से लेकर 8000 रूपए तक इस की गिरावट दर्ज की गई।

### साप्ताहिक रिपोर्ट

मासिक रिपोर्ट के विपरीत साप्ताहिक रिपोर्ट में इस सप्ताह सभी राज्यों में कॉटन के दाम बढ़े है। नार्थ झोन में 400 रूपए प्रति मंड तक भाव बढ़े है। जबकि सेंटल और साउथ झोन में यह दाम 4500 रूपए प्रति कैंडी तक बढ़े है।

SMART INFO SERVICES
india.smartinfo@gmail.com
Call : 91119 77771 - 5

DATE: 31.12.2022

**WEEKLY AND MONTHLY COTTON BALES MARKET**

| STATE | STAPLE LENGTH | 01.12.22 | | 26.12.22 | | 31.12.22 | | WEEKLY CHANGE | MONTHLY CHAGE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | LOW | HIGH | LOW | HIGH | LOW | HIGH | | |
| **NORTH ZONE** | | | | | | | | | |
| PUNJAB | 28.5 | 6,820 | 6,880 | 5,625 | 5,825 | 6,125 | 6,225 | 400 | -655 |
| HARYANA | 27.5/28 | 6,660 | 6,760 | 6,150 | 5,825 | 6,100 | 6,200 | 375 | -560 |
| UPPER RAJASTHAN | 28 | 6,930 | 6,980 | 5,850 | 6,050 | 6,325 | 6,430 | 380 | -550 |
| **CENTRAL ZONE** | | | | | | | | | |
| GUJARAT | 29 | 68,200 | 68,500 | 56,000 | 57,000 | 60,800 | 61,200 | 4,200 | -7,300 |
| MADHYA PRADESH | 29 | 68,000 | 68,500 | 56,000 | 56,500 | 60,500 | 61,000 | 4,500 | -7,500 |
| MAHARASHTRA | 29 vid. | 68,500 | 69,000 | 56,000 | 56,500 | 60,000 | 60,500 | 4,000 | -8,500 |
| SMART INFO SERVICES CALL : 91119 77775 | | | | | | | | | |
| **SOUTH ZONE** | | | | | | | | | |
| ODISHA | 29.5+ | 69,500 | 70,000 | 60,200 | 60,300 | 62,300 | 62,500 | 2,200 | -7,500 |
| KARNATAKA | 29+ | 68,600 | 69,000 | 58,000 | 58,000 | 61,500 | 62,500 | 4,500 | -6,500 |
| ANDHRA PRADESH | 29/29.5 mm | 68,000 | 68,500 | 57,500 | 58,000 | 60,500 | 61,500 | 3,500 | -7,000 |
| TELANGANA | 30 mm | 68,500 | 69,500 | 58,000 | 59,000 | 61,000 | 61,500 | 2,500 | -8,000 |

NOTE : There may be some changes in the rate depending on the quality.
Punjab, Haryana and Rajasthan rates in maund the rest in Candy